## महत्वपूर्ण एवं खास

### पेट्रोल-डीजल, दूध के दामों में वृद्धि, सरकार का वास्तविक चेहरा उजागर

#### चुनाव में वोटों के लालच में रोका गया था निर्णय

**रायपुर (आरएनएस)।** पेट्रोल-डीजल और अब पैकेट दूध की मूल्य वृद्धि पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीसीसी महामंत्री एवं संचार विभागध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने कहा कि चुनाव खत्म होते ही भाजपा और मोदी सरकार का असली चेहरा सामने आ गया है। आखिरी चरण का मतदान होते तक पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि रोकी गई और चुनाव होते ही पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि हो गई। इसी तरह अमूल दूध के दामों में 2 रूपए प्रति लीटर की वृद्धि किया जाना भी स्पष्ट करता है कि सरकार को केवल चुनाव निपटने का इंतजार था। चुनाव तक वोटों की लालच में महंगाई पर रोक लगाने और चुनाव होते ही महंगाई बढ़ाने वाले फैसलों से सच्चाई स्पष्ट हो गई है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ेगी और अनाज, सब्जी, सहित अन्य जरूरी चीजों के दामों में भी वृद्धि होगी।

### आईपीएस मुकेश गुप्ता नहीं पहुंचे ईओडब्ल्यू दफ्तर, अपने वकील को भेजा

#### अब 6 मई को ईओडब्ल्यू में पेश होकर बयान दर्ज कराएंगे मुकेश गुप्ता

**रायपुर (आरएनएस)।** फोन टेपिंग मामले में फंसे निलंबित सीनियर आईपीएस मुकेश गुप्ता आज अपना बयान दर्ज कराने निजी कारण से राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) के दफ्तर नहीं पहुंचे। हालांकि उन्होंने अपने वकील अमीन खान को ईओडब्ल्यू दफ्तर भेजकर बयान दर्ज के लिए अगली तारीख की मांग की है। जिसे मंजूरी देकर उन्हें अब 6 जून को पेश होने के लिए कहा गया है। ईओडब्ल्यू के दफ्तर से निकलने के बाद मीडिया को दिए बयान में वकील अमीन खान ने बताया कि मुकेश गुप्ता की बेटी की तबीयत खराब होने की वजह से वे आज अपना बयान दर्ज कराने नहीं आ पाए। उन्होंने बयान दर्ज कराने के लिए ईओडब्ल्यू से अगली तारीख देने के लिए आवेदन किया है, जिसे मंजूर कर लिया गया है। अब इस मामले में 6 जून को मुकेश गुप्ता को बयान देने के लिए बुलाया गया है।

### दिशा मैदान के लिए गए ग्रामीण पर भालू का हमला

**कोरबा (आरएनएस)।** दिशा मैदान के लिए गए एक ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार करतला थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर के ग्राम कोठार डुगू में निवासरत रेवा लाल राठिया 38 वर्ष सोमवार की सुबह लगभग 6 बजे गांव में स्थित उड़द बाड़ी की ओर दिशा मैदान के लिए गया था। इस दौरान एक भालू ने उस पर हमला कर दाहिने पैर को जख्मी कर दिया। भालू के चंगुल से किसी तरह बचकर रेवा लाल घर पहुंचा तब उसे परिजनों की मदद से स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना बाद वन विभाग की ओर से 500 रुपए की तत्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई है।

### तेज रफ्तार बाईक ने सामने से आ रही बाईक को मारी ठाकर ,युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** बाईक से जा रहे युवक को तेज रफ्तार बाईक चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते युवक की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट गंज थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी निवासी मयंक सराफ 28 वर्ष पिता श्याम सुंदर सराफ को तेलघानीनाका चौक ओव्हरब्रिज के उपर मोटरसाइकिल क्रमांक डब्लू बी 08 सी 6374 से घर जाते समय तेज रफ्तार बाईक चालक हीराएचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 04 एचटी 2124 मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते मयंक सराफ की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाईक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### अपहरण का मामला दर्ज

**कोरबा (आरएनएस)।** हरदीबाजार चौकी क्षेत्र के सरईसिंगार से 18 मई से एक किशोरी व किशोर रहस्यमय ढंग से लापता है। गुमशुदगी की रिपोर्ट हरदीबाजार चौकी में दर्ज करायी गयी है। जानकारी के अनुसार सरईसिंगार में अक्तीदास महंत का परिवार निवास करता है। उसकी 15 वर्षीय पुत्री सीमा महंत 18 मई से लापता है। इसी गांव में रहने वाला चंद्रहास यादव उम्र 16 वर्ष भी लापता है। लापता होने की सूचना परिजनों ने हरदीबाजार पुलिस को दी गई है। हरदीबाजार पुलिस इस मामले में धारा 363 का मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

# किसानों को अच्छी आय देने वाली तेलंगाना की धान से बस्तर में होगी खेती



**जगदलपुर (आरएनएस)।** किसानों को अच्छी आय देने वाली धान की वेरायटी को तेलंगाना प्रांत से बुला कर किसानों को खेती करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस धान के बीज के संबंध में ग्रामीणों को प्राप्ति की कोई समस्या न हो इसलिए स्थानीय बीज विकास निगम ने इसके लिए तेलंगाना से इस वेरायटी की धान के बीजों को बुलाकर समितियों के माध्यम से किसानों को दिया जा रहा है। इस धान के बीज की कमी न हो इसलिए निगम ने किसानों की मांग को देखते हुए करीब 1500 क्विंटल बीज का भंडारण भी करवा लिया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में पिछले कई वर्षों पूर्व धान की [illegible] महामाया और स्वर्णा किस्म की धान ने अपनी अच्छी पैदावार से किसानों को अच्छी आय प्राप्त करने में सहायता की थी, इसी किस्म की धान को अब तेलंगाना से बुलाया जा रहा है। बस्तर में पूर्व में इस धान का उत्पादन हो रहा था लेकिन कीटों के बढ़ते प्रकोप और पैदावार पर हो रहे विपरीत प्रभाव को देखते हुए किसानों ने धान की इन दोनों किस्मों को बोने में रूचि नहीं ली। वर्तमान में किसान अब इसके स्थान पर एमटीएयू 1010 की खेती बड़े पैमाने पर करने लगे हैं।

अब इसकी भरपूर उपज और इससे होने वाले किसानों को लाभ के मद्देनजर इसे पुनः बोया जा रहा है। और इसकी उपज के लिए कृषि विभाग पूरी तैयारी कर रहा है। इन किस्मों की धान के बीजों की मात्रा किसानों को तुरंत मिल सके इसलिए बीज विकास निगम के प्रबंधक निशांत मिश्रा के अनुसार किसानों को इस किस्म के बीज अंबिकापुर के गेऊर से बुलाकर नेशनल सीड कारपोरेशन दिल्ली के मार्फत दिया जा रहा था लेकिन इस साल यह बीज तेलंगाना से मंगाया गया है। उन्होंने बताया कि यह बीज गेऊर के बीज से अच्छा है। जर्मिनेशन में जहां कोई समस्या नहीं होगी तो वहीं कीट व्याधि का प्रकोप भी कम होगा।

## आतंकवाद और हिंसा के विरोध की ली शपथ



**रायपुर (आरएनएस)।** आज यहां मंत्रालय (महानदी भवन) में आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर मंत्रालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों ने भारत की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हुए सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ ली। मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शान्ति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ ली गयी। अपर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आतंकवाद के विरोध की शपथ दिलायी। राज्य शासन ने 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। आतंकवाद के कारण आम जनता को हो रहे कष्टों, हिंसा एवं आतंक से राष्ट्रीय हितों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से आम लोगों को अवगत कराने, विशेष रूप से युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के मार्ग से दूर रखने के उद्देश्य से आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है।

## गैस सिलेंण्डर फटने से सर्किट हाऊस के किचन में लगी आग,जन हानि नही

**»112 व फायर ब्रिगेड की सहायता से बुझाई गई आग**



**रायपुर(आरएनएस)।** सिविल लाईन स्थित न्यू सर्किट हाऊस के किचन में गैस सिलेंण्डर फट जाने के कारण कमरे के खिड़की व दरजवाजे में लगे शीशे टूट गये। धमाके की आवाज सुनकर निकट ही स्थित सिविल थाने से 112 की टीम व पुलिस कर्मी घटना स्थल पर पहुंच गये। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाईन रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाऊस के किचन रुम में आज सुबह करीब 5 बजे गैस सिलेंण्डर फट जाने के कारण कमरे में आग लग गई व दरवाजे ,खिड़की में लगे कांच टूट गये। घटना की सूचना पर तत्काल 112 की टीम व फायर ब्रिगेड की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर आग को बुझाया। सर्किट हाऊस के बगले से लगा गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का बंगला है धमाके की आवाज सुनकर गृहमंत्री के बंगले पर तैनात जवान भी हड़बा गये व घटना स्थल पर पहुंचकर विस्फोट कैसे हुआ इसकी जानकारी लिया।

## नक्सली विस्फोट में दो जवान घायल

**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज सुबह नक्सलियों द्वारा किए गए बारूदी सुरंग विस्फोट में डीआरजी के दो जवान रविन्द्र कुमार एवं विजय गंभीर रूप से जख्मी हो गये हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकाप्टर से रायपुर रेफर किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार केरलापाल थाने से पुलिस का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग के लिए रवाना हुआ था। ग्राम गोगुंडा के निकट जंगल में घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस पर निशाना साधते हुए बारूदी सुरंग विस्फोट किया। विस्फोट बाद नक्सलियों ने फायरिंग भी की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फौरन मोर्चा संभालते हुए गोलीबारी की। लगभग एक घंटे की मुठभेड़ बाद अंततः नक्सली घने जंगल और पहाड़ी की आड़ लेकर भाग गए।

## आरपीसी सदस्य सहित डीकेएकेएमएस अध्यक्ष ने किया सरेंडर

**जगदलपुर (आरएनएस)।** सुरक्षाबलों द्वारा चलाये जा रहे पुनर्वास योजना से प्रभावित होकर नक्सली संगठन में कार्य कर रहे पोडियम पांडु (आरपीसी सदस्य) और हेमला मुया (डीकेएकेएमएस अध्यक्ष) ने सुकमा जिल के दोरनापाल थाने में आत्मसमर्पण कर दिया।

पुलिस के मुताबिक दोनों ही पिछले करीब दस वर्षों से नक्सली संगठन में जुड़कर कार्य कर रहे है। दोनों ही कसालपाड़ घटना में शामिल थे, जिसमें 14 सीआरपीएफ के जवान शहीद हुए थे। साथ ही मीनपा के जंगलों में पुलिस पार्टी पर गोलीबारी जैसे घटनाओ में शामिल होना बताया गया है।

समर्पितों ने नक्सली क्षेत्र में तैनात सीआरपीएफ 150 वाहिनी के समक्ष पहुंचकर आत्मसमर्पण करने की इच्छा जाहिर की। बटालियन के कमाण्डेन्ट धर्मेंद्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी मनीष बमोला के निर्देश पर दोरनापाल एसडीओपी अखिलेश कौशिक थाना प्रभारी शैलेन्द्र नाग 150 वाहिनी के डिप्टी कमाण्डेन्ट दीपक सिंह सूबेदार मेजर राजेश मौर्य के सामने आत्मसमर्पण किया साथ ही नक्सली विचारधारा छोड़कर आम जीवन जीने की इच्छा जाहिर की।

## बैंकों में नगदी की कमी, किसान सहित आमजन परेशान



**जगदलपुर (आरएनएस)।** एक माह से ऊपर हो गये चुनाव का क्रम जो शुरू हुआ था वह 23 मई को वोटों की गिनती के साथ जरूर समाप्त होगा, लेकिन इस लंबी चुनावी प्रक्रिया ने बस्तर में किसानों सहित आम जनों को नगदी की परेशानी से हलाकान् करना शुरू कर त्रस्त कर दिया है।

एसबीआई के अधिकारियों से जब इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि नगदी लाने के लिए हेलीकॉप्टर उलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके कारण नगदी की कमी हो गई है। इस समय नगर के बैंकों में नगद भुगतान सीमित मात्रा में ही दिया जा रहा है। सभी बैंकों के एटीएम में रकम ही नहीं है और लोग छोटे-छोटे भुगतान को नगदी न होने से नहीं कर पा रहे हैं। चूंकि किसानों का कृषि चक्र शुरू हो चुका है और उन्हें कई ऐसे कार्य कराने पड़ते हैं जो कि उनकी भूमि के उपयोग के लिए आवश्यक है लेकिन नगदी नहीं होने से वे भी इसे नहीं करा पा रहे हैं। उसी प्रकार आम लोग भी नगदी की कमी से जूझ रहे हैं।

इस संबंध में नगदी नहीं मिलने से किसानों के साथ व्यपारी वर्ग भी प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा जो मजदूर प्रतिदिन कार्य कर रहे हैं उनकी मजदूरी भी बड़ी मुश्किल से मिल रही है। बैंको में नगदी की कमी के कारण आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से किसान वर्ग शहर में एटीमए से नगदी निकालने जब आता है तो यहां के सूखे एटीएम देखकर वह और परेशान हो जाता है। कई ग्रामीणों ने बताया कि बैंको के बाहर लाईन लगाकर खड़े रहत हैं और जब उनकी बारी आती है तो एटीएम में नगदी रकम समाप्त हो जाने से उन्हें भारी निराशा व परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार की परेशानी जिले के समस्त विकासखंडों में बनी हुई है। विशेष रूप से दक्षिण बस्तर के क्षेत्रों में यह स्थिति और विकट रूप से सामने आई है।

## एकतरफा प्रेम प्रसंग के कारण युवक ने किया युवती का अपहरण




**कवर्धा (आरएनएस)।** सहसपुर लोहारा थाना अंतर्गत ग्राम छतरी के रहने वाले युवक भागवत साहू गांव की ही युवती से एकतरफा प्रेम करता था. लेकिन इसी साल फरवरी माह में युवती की शादी ग्राम कल्याणपुर में हो गई. युवती शादी के बाद भी लोहारा के आईटीआई कॉलेज में पढ़ाई करती थी. युवती आईटीआई कॉलेज पढ़ने गई थी. आरोप है कि कल दोपहर लगभग एक बजे भागतव साहू अपने पांच साथियों प्रकाश साहू, जगजीवन साहू, रोही साहू व धनेष पटेल के साथ स्कार्पियो गाड़ी से आईटीआई कॉलेज के पास पहुंचे तथा युवती को चाकू दिखाते हुए अपने साथ गाड़ी में जबरन बैठाकर ले गए. ये पूरी घटना कॉलेज के प्राध्यापकों के सामने हुआ, तब मामले की सूचना सहसपुर लोहारा थाने में दी।

सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर युवकों की तलाश शुरू की. आसपास के लोगों के द्वारा आरोपियों की पहचान करने पर पांच आरोपियों को ग्राम छतरी से गिरफ्तार किया है. वहीं युवती को भी युवक के घर से बरामद किया गया है. एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है. सभी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## स्पेन में बजा छत्तीसगढ़ का डंका, साइलेंट कोरियाग्राफी में बने विनर

**रायपुर (आरएनएस)।** स्पेन के वेलेंसिया शहर में टेन सेंटी डोज कॉम्पीटिशन में भिलाई के दो युवाओं ने अपने टैलेंट का जलवा दिखाया है। पुणेंद्र और प्रदीप ने तीन हफ्ते चले फेस्टिवल में जीत हासिल की। दोनों भिलाई के रहने वाले हैं। पुणेंद्र ने बताया कि काम्पीटिशन जिसमें अलग-अलग वेन्यु पर प्रोग्राम हुए। इंस्टालेशन, आर्ट वीडियो और डांस जैसे सेग्मेट हुए। इसकी खासियत ये थी कि म्युजिक नहीं था। पुणेंद्र ने बताया कि चार लोगों को स्पेन जाना था लेकिन पैसे नहीं थे। स्पेन ऑफ इंबेसी ने मेरे खर्चे वाहन कर लिए लेकिन प्रदीप और दो अन्य लड़के जिनकी जरूरत हमें शो में होनी थी, उनके लिए हमने उधार लिया और किसी तरह यहां पहुंचे।

## सलमान खान ने ऐश्वर्या को क्रॉप करके शेयर की पुरानी तस्वीर!



संजय लीला भंसाली की आने वाली फिल्म मलाल का ट्रेलर शनिवार को लॉन्च कर दिया गया है। भंसाली की इस फिल्म में दो नए चेहरे दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि इस फिल्म से संजय लीला भंसाली अपनी भांजी शर्मिन सहगल और जावेद जाफरी के बेटे मीजान जाफरी को लॉन्च कर रहे हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही दोनों ऐक्टर्स की काफी चर्चा हो रही है। सलमान खान ने भी शर्मिन की बचपन की एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सलमान खान ने शर्मिन की बचपन की एक तस्वीर शेयर की है। हालांकि, शर्मिन से यादा फैन्स का ध्यान इस तस्वीर पर किसी और वजह से गया। यह वजह कोई और नहीं बल्कि ऐश्वर्या राय हैं जिन्हें सलमान ने तस्वीर में क्रॉप कर दिया है। यह तस्वीर संजय लीला भंसाली के ही फिल्म हम दिल दे चुके सनम के सेट की है। तस्वीर में शर्मिन सलमान के साथ अपने अंकल को केक खिला रही हैं। तस्वीर देखकर लगता है कि यह फिल्म के गाने हम दिल दे चुके सनम की शूटिंग के दौरान की है। तस्वीर में पीछे ऐश्वर्या राय भी मौजूद हैं। तस्वीर क्रॉप करके शेयर की गई है। बता दें कि हम दिल दे चुके सनम के दौरान सलमान खान और ऐश्वर्या राय के अफेयर की जबरदस्त चर्चा थी। फैन्स को भी यह जोड़ी काफी पसंद थी। हालांकि, बाद में दोनों के बीच अनबन हो गई और दोनों अलग हो गए।

## अपनी भांजी शर्मिन सहगल और जावेद जाफरी के बेटे मीजान को मलाल से लॉन्च करेंगे संजय लीला भंसाली



बॉलिवुड में जल्द ही दो नए चेहरे लॉन्च होने जा रहे हैं। इसमें एक ऐक्टर जावेद जाफरी के बेटे मीजान हैं और दूसरी फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की भांजी शर्मिन सहगल हैं। इन फ्रेश चेहरों को संजय लीला भंसाली लॉन्च कर रहे हैं। बता दें, दोनों ऐक्टर्स अपने डेब्यू की तैयारियों में बिजी हैं। फिल्म का टाइटल मलाल है और इसका पहला लुक शनिवार को सामने आएगा। कहा जा रहा है कि फिल्म का ट्रेलर 18 मई को रिलीज होगा।

इस फिल्म का डायरेक्शन मंगेश हडावले कर रहे हैं और इसे संजय लीला भंसाली के अलावा भूषण कुमार, महावीर जैन और कृष्ण कुमार प्रड्यूस कर रहे हैं।

पिछले कुछ महीनों से मीजान और शर्मिन को खुद भंसाली ट्रेनिंग दे रहे हैं। वह इस बात को भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि दोनों ऐक्टर्स मीडिया से दूर रहे हैं। वह चाहते हैं कि दोनों नए चेहरे ऑडियंस के लिए सरप्राइज पैकेज रहें। शायद यही वजह है कि मीजान और शर्मिन ने सोशल मीडिया से भी दूरी बना रखी है।

## करीना नहीं, मौनी रॉय के नाम हुआ सलमान की दबंग 3 का आइटम नंबर



बॉलिवुड अभिनेता सलमान खान फिल्म भारत की रिलीज़ के तुरंत बाद अपनी अगली फिल्म दबंग 3 को लेकर बिजी हो जाएंगे। पिछले काफी समय से वह भारत और दबंग 3 का काम एक साथ कर रहे हैं। खबर है कि अब जाकर भारत की डबिंग सहित बाकी टेक्निकल का काम पूरा हो चुका है। पिछले दिनों खबर आई थी कि दबंग 3 में के लिए एक गाना ऐसा रिकॉर्ड किया गया है, जिसके बोल हैं मुन्ना बदनाम हुआ...। दबंग 3 को लेकर अब एक नया अपडेट सामने आया है और यह नई खबर है कि दबंग 3 में छोटे परदे की सबसे बड़ी स्टार यानी नागिन मौनी रॉय की एंट्री हो गई है। इस समय दबंग 3 की शूटिंग बड़ी तेजी से मुंबई के स्टूडियो में की जा रही है। सलमान खान एक्ट्रेस मौनी रॉय के साथ दबंग 3 की शूटिंग करने वाले हैं।

इस फिल्म में मौनी अपनी कातिल अदाओं के साथ खूबसूरत डांस का जलवा बिखेरेंगी। मौनी जिस गाने को शूट करने वाली हैं, उसकी शूटिंग वसई स्टूडियो में होगी। अगले हफ्ते से सलमान और मौनी इस गाने की शूटिंग के लिए वसई स्थित स्टूडियो में शुरू करेंगे। सूत्र बताते हैं, इस स्पेशल गाने के लिए वसई स्टूडियो में सेट बनाया गया है। अभी तक सेट पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ है, लेकिन उम्मीद है कि इस फिल्म का शेड्यूल अगले हफ्ते से शुरू होगा।

खबर है कि मौनी रॉय बॉलिवुड के दबंग सलमान खान के साथ सेक्सी मूव्स परफॉर्म करती दिखाई देंगी। सलमान और मौनी की जोड़ी पहले भी बिग बॉस के सेट पर परफॉर्म कर चुकी है। बिग बॉस के सेट पर ही सलमान और मौनी की दोस्ती हुई थी।